Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to recognise the services of Lt. Baneshwar Rai, the Azad Hind Fauz Soldier and provide adequate Government benefits to his family-Laid.

श्री संजय सेठ (राँची): हमारा देश आजादी का अमृत काल मना रहा है। इस अमृत काल में हमने स्वतंत्रता संग्राम में सहभागिता निभाने वाले हर व्यक्ति को सम्मान देने का काम किया है। मैं ऐसे ही एक महान व्यक्तित्व की ओर सदन का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं, जिन्हें अब तक की सरकारों ने सम्मान नहीं दिया।

देश की आजादी के लिए लड़ाई लड़ने वाले ऐसे ही एक महान व्यक्तित्व मेरे लोकसभा क्षेत्र रांची में हुए आजाद हिंद फौज के लेफ्टिनेंट बाणेश्वर राय हैं । उन्होंने आजाद हिंद फौज की इंटेलिजेंस विंग में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

ऐसे समर्पित और बलिदानी देशभक्त का परिवार सरकार द्वारा की जाने वाली सभी सुविधाओं से वंचित है। ना ही उन्हें जमीन मिली है, ना ही किसी प्रकार की कोई आर्थिक सहायता मिली। आज उनके परिवार के पास रहने तक के लिए घर नहीं है। आजादी के इतने साल बाद भी उन्हें सरकारी सुविधा नहीं दी गई।

मेरा आग्रह है कि आजादी की लड़ाई लड़ने वाले भारत मां के ऐसे सपूत को न्याय दिया जाए। आजादी के अमृत काल में ऐसे सभी स्वतंत्रता सेनानियों और वीरों का डेटाबेस तैयार हो। भारत सरकार उनकी समीक्षा कर, उन्हें सभी प्रकार की सुविधाएं मुहैया कराए।